SNBP INTERNATIONAL & SENIOR SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE
Affiliation No. 1130703
ACADEMIC SESSION 2024 -25
CLASS NOTES

पाठ- ७ इतनी बात / क्रिया

PREPARED BY: Deepali Jadhav(१७ /१०/२४) Class : II

Subject – Hindi

प्रश्न १. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए –

१) अम्मा – माँ ,माता
२) मन – इच्छा
३) दुखी – उदास
४) कल - बीता हुआ दिन
५) किताब – पुस्तक
६) सही - उचित
७) गुल्लक - एक बॉक्स जिसमें पैसा रखा जाता है

प्रश्न २. कठिन शब्दों को फिर से दो बार लिखिए –

१) मुन्ना - मुन्ना , मुन्ना
२) अम्मा – अम्मा , अम्मा
३) गुल्लक - गुल्लक , गुल्लक

प्रश्न ३. श्रुतलेख - दिए गए वाक्य को पाँच बार लिखिए –

१) मेरे गुल्लक में पाँच सौ रुपये होंगे।

प्रश्न ४. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों मे प्रयोग कीजिए –

१) किताब - पुस्तक
वाक्य- मुझे किताब पढ़ना पसंद है |

२) गुल्लक - एक बॉक्स जिसमें पैसा रखा जाता है
वाक्य – मेरे पास एक गुल्लक है |

प्रश्न ५.   खाली जगह भरिए –

१) मुन्ना बोला ओ री अम्मा ।

२) इन पैसों से सोचा जाकर खेल –खिलौने लाऊँ |

३) उसके पास किताब नहीं है|

४) उसको चलूँ किताबें ले दूँ इतनी बात आपसे कह दूँ |

प्रश्न ६.   दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

१) मुन्ना किससे बात कर रहा था ?

उत्तर – मुन्ना अपनी अम्मा से बात कर रहा था |

२) रामलुभाया कौन था ?

उत्तर – रामलुभाया मुन्ना का सहपाठी था |

३) रामलुभाया कक्षा में खाली हाथ क्यों आया होगा ?

उत्तर – रामलुभाया के पास किताबें खरीदने के लिए पैसे नही होंगे इसलिए
कक्षा में खाली हाथ आया होगा|

प्रश्न ७.   गतिविधि – बस्ते का चित्र बनाइए और उसमें रंग भरिए |

व्याकरण पाठ -१२ क्रिया

क्रिया –जिस शब्द से किसी काम के करने या होने का पता चले,
उसे क्रिया कहते हैं ।

जैसे - काम का अपने आप होना –नदी का बहना,बारिश का होना ,तारों का चमकना

काम करना - नाचना ,बोलना ,पढ़ना ,हँसना ,रोना ,धोना,घूमना आदि |